राष्ट्रीय सहारा
कानपुर • शुक्रवार • 23 दिसम्बर • 2022

# CSA के दीक्षांत समारोह में बंटेंगे 78 पदक



बीएससी कृषि ऑनर्स की छात्रा सुमेधा सिंह को मिलेंगे 4 पदक

14 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक
14-14 छात्रों को विवि रजत पदक व कांस्य पदक
18 विद्यार्थियों को प्रायोजित स्वर्ण पदक व 18 परास्नातक विद्यार्थियों को दिये जायेंगे पुस्तक पुरस्कार

पुर (एसएनबी)। सीएसए कृषि द्योगिकी विवि में 5 जनवरी, 23 को जित होने वाले 24वें दीक्षांत समारोह पदकों सहित अन्य पुरस्कार मेधावी छात्रों को दिये जायेंगे। विवि प्रशासन ने पदकों/पुरस्कारों की फाइनल सूची वृहस्पतिवार को जारी कर दी।

विवि के सभी संकायों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 14 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से नवाजने के साथ ही 14-14 छात्रों को विवि रजत पदक व कांस्य पदक दिये जायेंगे। इसके अलावा 18 विद्यार्थियों को प्रायोजित स्वर्ण पदक से नवाजा जायेगा। कुलसचिव डॉ. पीके उपाध्याय ने बताया कि विभिन्न संकायों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 18 परास्नातक विद्यार्थियों को पुस्तक पुरस्कार भी दिये जायेंगे।

कुछ प्रतिभाशाली छात्र ऐसे भी हैं, जो एक से अधिक पदक व पुरस्कार प्राप्त करेंगे। बीएससी कृषि (ऑनर्स) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्रा सुमेधा सिंह को सबसे अधिक 4 पदक प्रदान किये जायेंगे।

## 28 दिसंबर तक चलेगा दीक्षोत्सव कार्यक्रम

कानपुर। विवि में दीक्षांत समारोह के दृष्टिगत वृहस्पतिवार से दीक्षोत्सव कार्यक्रम भी आरंभ किया गया, जो 28 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जायेंगी। वृहस्पतिवार को इस क्रम में 'वायु प्रदूषण का प्रभाव' विषय पर निबंध व 'पर्यावरण संरक्षण' पर चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिताएं एनएसएस अधिकारियों डॉ.अर्चना सिंह, डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. संजीव कुमार व डॉ. आरके पाठक के पर्यवेक्षण में कराई गईं। अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ. मुक्ता गर्ग व अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धर्मराज सिंह ने भी कार्यक्रम में भागीदारी कर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया।

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

नए वैरिएंट से चुनौती बढ़ी, मांडविया ने कहा... 12

आजम खां, अब्दुल्ला आजम और डॉ. तजीन फात्मा... 10



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 14 | अंक: 73

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 23 दिसंबर, 2022

## सीएसए ने विजेता छात्र-छात्राओं की सूची जारी की



जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह ने विश्व विद्यालय के आगामी 5 जनवरी को होने वाले 24वें दीक्षांत समारोह में पदक एवं पुरस्कार वितरण के लिए विजेता छात्र-छात्राओं की सूची जारी की है। कुलसचिव डॉ. पी.के. उपाध्याय ने बताया कि दीक्षांत समारोह में छात्र छात्राओं को 78 विभिन्न पदक एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के सभी संकाय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 14 छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 14 छात्र छात्राओं को विश्वविद्यालय रजत पदक, 14 छात्र छात्राओं को विश्वविद्यालय कांस्य पदक एवं 18 छात्र-छात्राओं को प्रायोजित स्वर्ण पदक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ प्रतिभाशाली छात्र ऐसे भी हैं जिन्हें एक से अधिक पदक एवं पुरस्कार मिलेंगे।

वर्ष 16 अंक 349 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रू0 कानपुर, शुक्रवार 23 दिसम्बर 2022
कानपुर व औरैया से एक साथ प्रकाशित, लखनऊ, इलाहाबाद, बुंदेलखंड, फतेहपुर, इटावा, कन्नौज, मैनपुरी,ऐटा, हरदोई, उन्नाव,कानपुर देहात में प्रसारित
दैनिक नगर छाया
RNI N.UPHIN/2007/27090
आप की आवाज़.....
www.nagarchhaya.com

# सीएसए ने जारी की पदक व पुरस्कार विजेताओं की सूची

## छात्र-छात्राओं को 78 पदक व पुरस्कारों से किया जाएगा अलंकृत

**कानपुर (नगर छाया समाचार)।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने विश्वविद्यालय के 24वें दीक्षांत समारोह में विभिन्न पदक एवं पुरस्कार विजेता छात्र-छात्राओं की सूची जारी कर दी है। कुलसचिव डॉ पीके उपाध्याय के अनुसार दीक्षांत समारोह में छात्र छात्राओं को 78 विभिन्न पदक एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। ज्ञातव्य हो कि विश्वविद्यालय का 24वां दीक्षांत समारोह आगामी 05 जनवरी 2023 को आयोजित होगा। इसमें पदक पाने वालों की अंतिम सूची प्रकाशित करके उस पर आपत्तियां मांगी गई थी। कुलसचिव के अनुसार किसी ने भी आपत्ति दर्ज नहीं कराई है और इसके चलते विश्वविद्यालय प्रशासन ने फाइनल सूची जारी कर दी है। इसके मुताबिक विश्वविद्यालय के सभी संकायों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 14 छात्र छात्राओं को कुलाधिपति स्वर्ण पदक तथा 14 छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय रजत पदक, 14 छात्र छात्राओं को विश्वविद्यालय कांस्य पदक एवं 18 छात्र-छात्राओं को प्रायोजित स्वर्ण पदक से नवाजा जाएगा। कुलसचिव डॉ पीके उपाध्याय ने बताया कि विभिन्न संकाय में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 18 परास्नातक छात्र छात्राओं को पुस्तक पुरस्कार भी दिए जाएंगे। कुलसचिव ने बताया कि कुछ प्रतिभाशाली छात्र ऐसे भी हैं जो एक से अधिक पदक एवं पुरस्कार प्राप्त करेंगे। जिसमें बीएससी कृषि ( ऑनर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्रा सुमेधा सिंह को सबसे अधिक 4 पदक प्रदान किए जाएंगे।

दैनिक जागरण कानपुर 23/12/2022

# 78 मेधावियों को मिलेंगे पदक व पुरस्कार

## सीएसए का दीक्षा समारोह पांच जनवरी को, 14 विद्यार्थियों को मिलेंगे कुलाधिपति स्वर्ण पदक

जासं, कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के पांच जनवरी को होने वाले दीक्षा समारोह में 78 मेधावियों को पदक और पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। बीएससी आनर्स कृषि की छात्रा सुमेधा सिंह सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी चुनी गई हैं। उनके साथ ही सभी संकायों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 14 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। 14 छात्रों को विश्वविद्यालय रजत व 14 को कांस्य पदक प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा 18 विद्यार्थियों को प्रायोजित स्वर्ण पदक व 18 को पुस्तक पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

गुरुवार को विश्वविद्यालय बोर्ड की बैठक में कुलपति डा. डीआर सिंह ने विश्वविद्यालय के 24वें दीक्षा समारोह के लिए विभिन्न पदक व पुरस्कार विजेता छात्र-छात्राओं की सूची जारी कर दी। कुलसचिव डा. पीके उपाध्याय ने बताया कि समारोह



में 78 विद्यार्थियों को विभिन्न पदक एवं पुरस्कार दिए जाएंगे। पदक पाने वालों की अंतिम सूची जारी करने से पहले आपत्तियां मांगी गई थीं लेकिन किसी ने भी आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। कुलसचिव ने बताया कि कुछ प्रतिभाशाली छात्र ऐसे भी हैं जो एक से अधिक पदक प्राप्त करेंगे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्रा सुमेधा सिंह को सबसे अधिक चार पदक मिलेंगे। पदक पाने वालों में 35 छात्राएं हैं। विश्वविद्यालय की ओर से इस बार भी किसी विशिष्ट हस्ती को मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। इसके लिए तीन हस्तियों भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक डा. त्रिलोचन महापात्रा, पूर्व उप महानिदेशक उद्यान डा. एन कुमार व नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद्र के नामों की सूची राजभवन भेजी गई है। मानद उपाधि के लिए नाम पर अनुमोदन राजभवन से जल्द होगा।

**चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा :** सीएसए में दीक्षा समारोह से पूर्व दीक्षोत्सव का शुभारंभ गुरुवार से हुआ। यह 28 दिसंबर तक चलेगा। पहले दिन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'वायु प्रदूषण का प्रभाव' रखा गया था। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। डा. अर्चना सिंह, डा. रश्मि सिंह, डा. संजीव कुमार आदि रहे।

### तबादलों को लेकर कुलपति से बोर्ड सदस्यों की नोकझोंक

जासं, कानपुर : शिक्षकों के तबादले का आदेश वापस लेने की मांग को लेकर गुरुवार को सीएसए बोर्ड की बैठक में मनोनीत सदस्य सत्यनारायण शुक्ला व अन्य सदस्यों की कुलपति से नोकझोंक हुई। सत्यनारायण शुक्ला ने बताया कि किसी दूसरे प्रदेश में आरक्षित श्रेणी का व्यक्ति अन्य प्रदेश में आरक्षण का लाभ नहीं ले सकता है लेकिन विश्वविद्यालय की ओर से बंगाल के एक शिक्षक को लाभ दिया जा रहा है। सदस्यों ने कुलपति को बताया कि शासन के नियमानुसार बीच सत्र में किसी भी शिक्षक का स्थानांतरण नहीं किया जा सकता। कुलपति डा. डीआर सिंह ने बताया कि जिन महाविद्यालयों में शिक्षकों का तबादला किया गया है, वहां शिक्षकों की कमी है। विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारु रखने के लिए फैसला लिया गया है। विश्वविद्यालय आटोनामस बाडी है और तबादला किया जा सकता है।

